आई.आई.टी. में अब बी.टेक के छात्र भी कर सकेंगे शोध

कैरोलिना ऐश

कानपुर, 1 फरवरी। बी.टेक. करते हुए अब शोध कर सकेंगे आई.आई.टी. के छात्र। अभी तक एम.टेक तथा पी.एच.डी. के छात्र ही शोध कर पाते थे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में यह व्यवस्था लागू करने के लिए एक अनुबंध कैलीफोर्निया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी अमेरिका तथा आई.आई.टी. कानपुर के बीच हुआ। इसी कड़ी में आज अमेरिका से आयी कैलीफोर्निया इं. की निर्देशिका कैरोलिना ऐश ने छात्रों को सिस्टमेटिक ढंग से शोध में कैसे लगाया जाय, इस पर चर्चा करी। आई.आई.टी. के वरिष्ठ प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के तीन आई.आई.टी. के चुने हुए छात्र अमेरिका जायेंगे तथा तीन अमेरिका के छात्र यहां पर आयेंगे। उन्होंने बताया कि देश के १६ छात्रों को गर्मियों में फैलोशिप प्रदान की जायगी। जिसमें ८आई.आई.टी. के तथा ८ एन.आई.टी. के छात्र होंगे। फैलोशिप में छात्रों को दस हजार , जिनका कार्य अच्छा होगा, उन्हें बीस हजार रुपये तक मिलेंगे।